


चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. धर्मेन्द्र मेमोरियल हॉस्पिटल**

वमनपुरी, पूरनपुर

**डॉ. राजेश अग्रवाल**
M.B.B.S., D.C.H., K.G.M.C. (Lucknow)
Mob.: 9759992452

**डॉ. किरन अग्रवाल**
M.B.B.S., M.D., Gyno
K.G.M.C. Lucknow
Mob.: 9720940400

कोतवाली रोड, पूरनपुर, पीलीभीत

**चन्दी हॉस्पिटल**

रोशन बिहार, पूरनपुर, पीलीभीत

**डॉ. परमिन्दर सिंह**
MS ORTHO

**डॉ. सुखदेव सिंह चन्दी**
B.Sc., B.A.M.S.

24 घण्टे इमरजेन्सी स्वास्थ्य सेवाओं के लिये समर्पित अस्पताल

मो. 9411689583, 9045533704

Reg. RMEE2235871

**DR. SHAILESH**
(MBBS, PGDU)
Fellowship in Critical Care
Ex. Senior Resident
Hindu Rao Hospital (Delhi)
Mob.: 9318429346, 8741041893
Opp/ Reliance Trends, Puranpur, Pilibhit

**सेठ अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर**
रोशन विहार पूरनपुर

**डा. शोभित सेठ**
MBBS, PGTS

मरीज अपना नम्बर लगवाने के लिए फोन करें :
9568079355
रोजाना 10am to 5pm
Digital X-Ray होता है।
SUNDAY CLOSED



चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रिया क्लीनिक**

**डा. सुधाकर पाण्डेय**
(सर्जन)
एम.बी.बी.एस. (जनरल सर्जरी)

**डा. प्रिया पाण्डेय**
(गाइकोलॉजिस्ट)
एम.बी.बी.एस., एम.एस.

आपातकालीन सेवा 24 घंटे उपलब्ध

बड़े हनुमान मन्दिर के सामने, संजय गांधी मार्ग मो. चौक पूरनपुर (पीलीभीत)
Mob.: 9568667359

चिकित्सक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. विकास शुक्ला**
बी.ए.एम.एस., सी.जी.ओ.
फिजीशियन एण्ड सर्जन
एम.ए. साइकोलॉजी

**डॉ. के.के. शुक्ला**
बी.ए.एम.एस.
फिजीशियन एण्ड सर्जन

**डॉ. दृढ़ता शुक्ला**
बी.ए.एम.एस., सी.सी.एच.
फिजीशियन एण्ड सर्जन

**डॉ. क्रीट कान्त शुक्ला अस्पताल**

घुंघचाई पूरनपुर, पीलीभीत।
मो. 9411831225, 9412297209

चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**दिनेश हॉस्पिटल**

88, रोशन विहार, पूरनपुर (पीलीभीत)

**डॉ. डी.के. गुप्ता** B.Sc., B.A.M.S.
अयक्ष-ग्रेजुएट डॉक्टर्स एसोसिएशन
अध्यक्ष-कुमार तनय वैश्य सभा पूरनपुर
संस्थापक अध्यक्ष-रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन
संरक्षक-भारत विकास परिषद, पूरनपुर

**डॉ. पार्थ वैश्य** M.B.B.S. (Pune)
जनरल फिजिशियन

**डॉ. श्रद्धा त्रिपाठी** BAMS (Banglore)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- महिला चिकित्सक प्रत्येक दिन उपलब्ध
- नार्मल व बड़े ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी महिलाओं के समस्त रोगों (बांझपन आदि) का इलाज पित्त की थैली, बच्चेदानी, हर्निया, हाइड्रोसील का ऑपरेशन डिजिटल एक्स-रे, (रिपोर्ट सहित) कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब में खून, पेशाब, डेंगू, मलेरिया, पीलिया आदि की जाँच सम्पूर्ण बॉडी चेकअप
- एयर कण्डीशन जनरल व प्राइवेट वार्ड

24 घण्टे एम्बुलेन्स सुविधा Helpline : 6395418095


समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता
मा. अखिलेश यादव
को
जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं
राजकुमार 'राजू'
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
समाजवादी युवजन सभा
129 विधानसभा पूरनपुर समाजवादी पार्टी
rajkumarspraju
@rajkumarrajusp


समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता
मा. अखिलेश यादव
को
जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं
समाजवादी पार्टी
नफीस अहमद अंसारी
127, विधानसभा, पीलीभीत
मो. 9917044069


SHAKUNTALAM
MULTISPECIALITY HOSPITAL
शाकुन्तलम् मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
Happy Doctor's Day
इंजी. अगम कुमार मौर्य
चेयरमैन शाकुन्तलम् हॉस्पिटल
Doctor's Panel
डॉ. अमन मौर्य
पूर्व रेजिडेंट ई.एस. आई.सी हॉस्पिटल, नई दिल्ली
पूर्व इमरजेंसी रेजिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल, नॉएडा
पूर्व मेडिकल अफसर, (एनयूएचएम), बरेली
डॉ. अमित कुशवाह MBBS, MD (Chest Specialist)
डॉ. ऋषि सैनी MBBS, MD (TB & Chest)
डॉ. संजय सिंह MBBS, Dch., DNB Pediatrics
डॉ. अदिती गुप्ता MBBS, MD Pediatrics
डॉ. अंशुल आर्या MBBS, MS, M.Ch. Burns Plastic & Maxillofacial Surgery
डॉ. आयुष रिछारिया MBBS, MS, FMAS, FIAGES, MCH (CTVS) Chief Cardiothoracic and. Vascular Surgeon
डॉ. अभिषेक सक्सेना MBBS, MS (Orthopaedic Surgery)
डॉ. आशुतोष कुमार MBBS, MS (Orthopedic)
डॉ. रोहित पल्लता MBBS, MD (Medicine)
डॉ. हिमानी गोयल MBBS, MS, (Obs. & Gynae)
डॉ. सचिन कुमार MBBS, MD (Anesthesia)
डॉ. हिमांक माहेश्वरी MBBS, MS, FISCP, FIAGES General & Laparoscopic Surgeon
डॉ. विनोद मौर्य (P.T.) D.P.T., B.P.T., M.R.P.P.A, M.I.H.F.A
24/7 SERVICE EMERGENCY
हमारी विशेषताएं
आर्थो
मेडिसिन
हृदय रोग
टी.वी. एवं छाती
प्रसूति एवं स्त्री रोग
प्लास्टिक सर्जरी
इमरजेन्सी एवं ट्रामा
न्यूरो
सर्जरी
यूरोलॉजी
पीडियाट्रिक्स
एनेस्थीसिया
फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन
सी.टी.वी.एस.
पता: निकट रामा पैलेस, 100 फुटा तिराहा, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. +91-7302758064, 7302758067




## शहर में आज

- काशीराम कॉलोनी स्थित श्री बालाजी नींव करौली धाम पर हवन पूजन व बालाजी दरबार सुबह 11 बजे।
- जिला क्षय रोग अस्पताल की ओर से 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजी अभियान सुबह 9 बजे।
- गांधी सभागार में डीएम की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की बैठक 12 बजे।

# ट्रक की टक्कर से एसएसबी जवान और बेटे की मौत

## बीसलपुर क्षेत्र के परसिया गांव में टोल प्लाजा के पास सोमवार सुबह हुआ हादसा, परिवार में कोहराम

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रक ने पिता-पुत्र की जिंदगी एक ही पल में छीन ली। क्षेत्र के परसिया गांव में सोमवार सुबह टोल प्लाजा के पास हुए हादसे में एसएसबी जवान और उनके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। जवान ड्यूटी पर जाने के लिए निकले थे, बेटा उन्हें बाइक से स्टेशन छोड़ने जा रहा था। हादसे के बाद घटनास्थल पर मंजर देख लोगों का रूह कांप गई। वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिवार वालों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पिता-पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।



हादसे के बाद बीसलपुर मार्ग पर लगी मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

- पिता को बाइक से स्टेशन छोड़ने के लिए जा रहा था युवक, ट्रक चालक फरार



मृतक वीरपाल।



मृतक सुमित।

कोतवाली क्षेत्र के गांव परसिया निवासी 38 वर्षीय वीरपाल एसएसबी में तैनात हैं। वर्तमान में पीलीभीत सिटी स्थित एसएसबी डीआईजी ऑफिस में तैनात थे। सोमवार सुबह 8:30 बजे ऑफिस जाने के लिए घर से निकले थे। सवारी न मिलने के कारण वह बाइक से घर से निकले थे। उनके साथ में उनका मंझला बेटा 15 वर्षीय सुमित उन्हें शेरगढ़ रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए जा रहा था। बाइक वीरपाल ही चला रहे थे। दोनों घर से करीब 400 मीटर दूर ही पहुंचे थे, तभी परसिया टोल प्लाजा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े, लेकिन ट्रक के ब्रेक नहीं लगे। जिस वजह ट्रक दोनों को कुचलते हुए बाइक समेत करीब 50 मीटर तक घसीटता ले गया। दोनों के शव क्षत-विक्षत हो गए हैं। हादसे के बाद ट्रक लेकर चालक फरार हो गया है। हादसे के वक्त तेज बारिश हो रही थी। सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन पहुंच गए। शवों की हालत देखकर पत्नी बेहोश हो गई। परिवार वालों ने शवों को समेटा।


सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को समेटकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अभी तक ट्रक का पता नहीं चल सका। इधर, पिता- पुत्र की मौत के बाद परिवार ही नहीं, बल्कि गांव में भी मातम पसर गया। वीरपाल की शादी 18 साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी शकुंतला देवी का रो-रोकर बुराहाल है। वीरपाल के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा अमित 16 और छोटा बेटा संदीप अभी 10 साल का है। मंझले बेटे सुमित (15) की इस हादसे में मौत हो गई।

### ई-रिक्शा न होता खराब तो बच जाती जान

हादसे के बाद सूचना पर पहुंचे मृतक के बड़े बेटे अमित और मां शकुंतला देवी दोनों के शव देखकर बिलख पड़े। पिता और भाई के शवों को समेटते हुए अमित ने बताया कि पापा सुबह साढ़े 8 बजे एक ई-रिक्शा से स्टेशन के लिए निकले थे, लेकिन गांव से 100 मीटर दूर ई-रिक्शा खराब हो गया। बारिश में सवारी न मिलने के कारण उन्होंने फोन कर सुमित को बाइक लेकर भेजने को कहा था। काश, अगर ई-रिक्शा खराब न हुआ होता तो शायद भाई और पिता जिंदा होते। इधर, सुमित की मां शव देखकर बदहवास हो गईं। किसी तरह ग्रामीणों ने ढांढस बांधाया।

हादसे की सूचना मौके पर पुलिस गई थी। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया है। हादसा करने वाले ट्रक की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसके आधार पर ट्रक की लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा है। परिवार की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

– संजीव शुक्ला, इंस्पेक्टर, बीसलपुर




## पेड़ से जामुन तोड़ रहा युवक नीचे गिरा, घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सखिया निवासी हरीश कुमार गांव के बाहर एक बाग में लगे जामुन के पेड़ पर जामुन तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक जिस डाल पर बैठा था, वही डाल टूट गई और वह काफी ऊंचाई से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## कोर्ट के आदेश पर एक साल बाद हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** कस्बा बरखेड़ा निवासी किरन ने कोर्ट के आदेश पर बरखेड़ा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें कहा गया कि उसके पति संतोष कुमार पुत्र तौले राम को थाना जहानाबाद के गांव भानडाडी निवासी डालचंद 18 जुलाई 2024 को रात के करीब दस बजे रेलवे लाइन पर कार्य करने हेतु घर से बुलाकर ले गया था।

19 जुलाई 2024 को स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया के समीप उसके पति का शव पड़ा मिला। मामले की सूचना पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पुलिस ने जब डालचंद से पूछताछ करने की कोशिश की तो वह अस्पताल में भर्ती हो गया, जबकि उसके पति के पोस्टमार्टम में चोटों की पुष्टि हुई थी। आरोप है कि उसके पति की डालचंद ने हत्या करके शव को फेंक दिया। अंतिम संस्कार का कार्य निपटाने के उपरांत वह अपने पति की हत्या के मामले की रिपोर्ट लिखाने गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जब उसने डालचंद से पूछा तो वह भड़क उठा और गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बर्थडे पार्टी में जमकर मारपीट, फायरिंग भी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** एक होटल में चल रही बर्थडे पार्टी में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान रिवाल्वर से फायरिंग करने की भी चर्चा हो रही है। सूचना पर पुलिस होटल पहुंची और जांच पड़ताल की। रविवार रात कोतवाली रोड पर स्थित एक होटल में बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसमें जाम भी छलकाए गए।

पार्टी में देर रात किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। जमकर लात घूंसे और लाठी डंडे चले जिसमें कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा इस दौरान कुछ लोगों ने दहशत फैलाने के लिए रिवाल्वर से हवाई फायरिंग भी की, जिससे पार्टी में अफरा तफरी मच गई। घंटों विवाद चला। सूचना पर इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार पहुंचे लेकिन तब तक मामला शांत कर दिया गया। एक पक्ष की ओर से कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

## तेंदुए के खौफ से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बरकरार

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचार :** महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के अंतर्गत बिझौली और लखैया गांव के बीच में जायका के जंगल में इन दिनों तेंदुए का आतंक चल रहा है, जिसके पगचिन्ह खेतों में बने देखे गये हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी तेंदुआ देखे जाने की बात सुनकर भी अभी तक गांव में नहीं पहुंचे हैं।

वन विभाग के रवैये के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द ही तेंदुए को पकड़ा जाए नहीं तो तेंदुआ किसी को भी अपना शिकार बना सकता है। लोगों का कहना है कि अक्सर सड़क पार करते तेंदुआ देखा गया है, जिससे जंगल से सटे में गांवों में तेंदुये का खतरा बना हुआ है।

- वन विभाग के रवैये से ग्रामीणों में नाराजगी

### एक एक कर लखैया से कुत्तों को बना रहा निवाला

बिझौली निवासी चंदन सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह गांव के किनारे होते हुए तेंदुआ निकल कर गया है, जिसके पग चिन्ह अभी भी बने हैं। यह तेंदुआ पालतू और छुट्टा विचरण करने वाले कुत्तों को भी निवाला बना रहा है, जिससे गांव में कुत्ते कम होते जा रहे हैं।

## सपा ने पीलीभीत नगर पालिका के बेदखली आदेश को चुनौती दी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में समाजवादी पार्टी ने नगर पालिका परिषद, पीलीभीत द्वारा पार्टी को जिला कार्यालय परिसर से बेदखल करने के फैसले को चुनौती देते हुए एक अत्यावश्यक आवेदन दाखिल किया है, जिसमें कोर्ट को बताया गया कि नगर पालिका परिषद ने 27 जून को एक समिति गठित की जो अगले दो दिनों के भीतर पार्टी को जिला कार्यालय परिसर से बेदखल करने की कार्यवाही शुरू कर देगी।

इस पर न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी और न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की खंडपीठ ने उन्हें निर्देश प्राप्त करने के लिए आगामी 1 जुलाई तक का समय दिया है। अब मामले की सुनवाई मंगलवार 1 जुलाई को होगी। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सपा द्वारा दाखिल विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया था।

## दरोगा से अभद्रता, तीन पर रिपोर्ट

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** टाइगर तिराहे के पास एक दरोगा से अभद्रता और गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने एक नामजद सहित तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपी घर से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

सुनगढ़ी थाने में तैनात उपनिरीक्षक (एसआई) कृष्णपाल सिंह ने मामले की तहरीर देकर बताया कि वह रविवार शाम निजी चार पहिया वाहन से जहानाबाद क्षेत्र से पीलीभीत लौट रहे थे। इसी दौरान टाइगर तिराहे के पास एक कार सवार तीन युवकों ने उनकी गाड़ी को जबरन रोक लिया और वाहन से उतरकर उनके साथ गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार किया। एसआई की शिकायत पर सुनगढ़ी थाना पुलिस ने कार सवार रवींद्र नामक युवक को नामजद करते हुए दो अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## टायर फटा, रेलिंग से टकराई रोडवेज बस

**पूरनपुर, अमृत विचार:** रविवार देर रात बरेली से लखीमपुर जा रही रोडवेज बस का पीलीभीत हाईवे पर उदय करनपुर के पास पुल पर अचानक टायर फट गया। बस अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। टक्कर लगने के बाद सभी घबरा गए। हालांकि चालक और सभी यात्री हादसे के बाद सुरक्षित रहे। बस क्षतिग्रस्त हो गई। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया।

# खाद की दुकानों पर छापेमारी, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टीमों द्वारा जनपद भर में खाद की दुकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान बरखेड़ा में एक प्रतिष्ठान पर खाद के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग करते पए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दिया। छापेमारी की भनक लगते ही कई खाद विक्रेता दुकानें बंद कर भाग निकले। टीम को अलग-अलग ब्लॉकों में बंद मिले 06 प्रतिष्ठानों के भी लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। जिले में एक साथ खाद की दुकानों पर हुई छापेमारी से खाद कारोबारियों में पूरे दिन खासा हड़कंप मचा रहा।



टनकपुर हाईवे स्थित बिथरा चौराहा स्थित खाद की दुकान पर चेकिंग करती टीम।

जनपद में सहकारी समितियों पर खाद मिलने एवं निजी खाद विक्रेताओं द्वारा यूरिया के साथ जबरन अन्य उत्पाद बिक्री किए जाने की मिल रही शिकायतों को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने संज्ञान लिया। उन्होंने खाद की दुकानों पर आकस्मिक छापेमारी के लिए विकासखंडवार सात टीमों का गठन करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इधर डीएम के निर्देश पर सोमवार को गठित टीमों द्वारा जनपद भर में छापेमारी की गई। पूरनपुर ब्लाक में 06 6 सहकारी समितियों/खाद विक्रेताओं के यहां छापेमारी की गई। हालांकि इस दौरान ओवर रेटिंग, टैगिंग और पीओएस मशीन द्वारा वितरण में अनियमितता संबंधी कोई मामला नहीं पाया गया। यहां छापेमारी के दौरान केजीएन खाद भंडार और घुंघचिहाई में शर्मा फटिलाईजर की दुकानें बंद मिली।

विकासखंड बरखेड़ा में 05 सहकारी समितियों /खाद विक्रेताओं के यहां निरीक्षण किया गया। यहां मैसर्स भारती पेस्टिसाइड एंड फर्टिलाइजर के द्वारा उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग की जा रही है।

इसके चलते इस प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इस ब्लॉक में छापेमारी के दौरान एके खाद भंडार दौलतपुर पटटी, महेश एग्रो ट्रेडर्स पिपरिया मंडन, शिव शंकर खाद भंडार पिपरिया मंडन बंद पाए गए। विकासखंड मरौरी में 08 सहकारी समितियों/खाद विक्रेताओं के यहां छापेमारी के दौरान टीम को कोई अनियमितता नहीं मिली, मगर टीम को सिंह एग्री जंक्शन बंद मिला।

- डीएम के निर्देश पर विकासखंडवार गठित सात टीमों द्वारा जनपद भर में की गई कार्रवाई
- अन्य उत्पाद टैगिंग करने पर 1 प्रतिष्ठान समेत बंद मिले 6 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

### छह प्रतिष्ठानों पर गिरी गाज, लाइसेंस निलंबित

जिला कृषि अधिकारी नरेंद्रपाल ने बताया कि टीमों को छापेमारी के दौरान विभिन्न ब्लाकों में बंद मिले सभी छह प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। जिसमें पूरनपुर ब्लाक में केजीएन खाद भंडार और घुंघचिहाई में शर्मा फटिलाईजर, बरखेड़ा ब्लाक में एके खाद भंडार दौलतपुर पटटी, महेश एग्रो ट्रेडर्स पिपरिया मंडन, शिव शंकर खाद भंडार पिपरिया मंडन और मरौरी ब्लाक में सिंह एग्री जंक्शन शामिल हैं। टीम में उप कृषि निदेशक राममिलन परिहार, जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल, भूमि संरक्षण अधिकारी कौशल किशोर, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, एआर सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार, प्रभारी जिला उद्यान निरीक्षक, अध्यक्ष मृदा परीक्षण प्रयोगशाला समेत सभी ब्लाकों के एडीओ कृषि शामिल रहे।



## बारिश शुरू होते ही गुल हुई बत्ती, छाया अंधेरा

**मझगई, अमृत विचार :** रविवार को तेज बारिश शुरू होते ही गायब हुई बिजली के दर्शन उपभोक्ताओं को 24 घंटे के बाद भी नहीं हो सके। इससे उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति रोष बढ़ रहा है।

बिजली विभाग के अफसरों की अनदेखी से उपभोक्ता परेशान हो उठे हैं। रविवार को क्षेत्र में शुरू हुई बारिश के बीच रात करीब नौ बिजली गुल हो गई थी। इसके बाद उपभोक्ता पूरा दिन बिजली का इंतजार करते रहे। बारिश बंद होने के बाद भी सोमवार की देर शाम तक बिजली नहीं आई।इससे उपभोक्ता अंधेरे में रहने को विवश हैं। बिजली विभाग के अफसरों का आलम यह है कि कोई बात करने के लिए भी तैयार नहीं है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली का हाल बद से बदतर होता जा रहा है। हल्की बारिश व हल्की हवाओं के चलने पर कस्बा मझगईं के साथ ग्रामीण इलाकों की बिजली काट दी जाती है, जिसे कई घंटों ता जोड़ा नहीं जाता है। जिससे लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। रविवार को बारिश होने के बाद गायब हुई बिजली सोमवार को भी देर शाम तक नहीं आई। इससे उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# शारदा नदी का बढ़ा जलस्तर, 69 क्यूसेक से अधिक पानी रिलीज

## जिला प्रशासन ने संभावित बाढ़ और बारिश के मद्देनजर जारी की एडवाइजरी, बाढ़ चौकियों पर तैनात टीम को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पहाड़ों समेत जनपद में हुई बारिश से नदियों का जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से पूरनपुर एवं कलीनगर तहसील में नदी किनारे बसे गांवों के ग्रामीणों को चिंताएं बढ़ने लगी है। हालांकि शाम को शारदा नदी के जलस्तर में गिरावट देखी गई। इधर जिला प्रशासन ने बाढ़-बारिश के मद्देनजर एडवाइजरी जारी करते हुए टीमों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

जनपद में रविवार देर रात से सोमवार दोपहर तक करीब सात घंटे बारिश हुई। लगातार हुई बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सड़क से लेकर खेतों तक में पानी ही पानी देखा जा रहा हैं। इधर पहाड़ों समेत जनपद में हुई बारिश से शारदा और देवहा नदियों के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे बनबसा बैराज से शारदा नदी में 69294 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। हालांकि शाम छह बजे नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। इधर, शारदा नदी में जलस्तर बढ़ने से पूरनपुर एवं कलीनगर तहसील में नदी किनारे बसे गांवों के लोगों की चिंताएं भी बढ़ने लगी हैं। गत वर्ष जुलाई माह में दोनों तहसीलों में बाढ़ का कहर बरपा था। कई एकड़ जमीन कटने के साथ हजारों एकड़ कृषि फसलें भी तबाह हो गई थी। इधर जिला प्रशासन नदियों के जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचनाएं ली जा रही हैं। एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने बताया कि नदियों के जलंस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों समेत बाढ़ चौकियों की टीमों को अलर्ट रहने को निर्देशित किया गया है।



बारिश के बाद सोमवार को शारदा नदी में बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार




बाढ़ खंड कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम।

### वज्रपात: क्या करें-

- खुले मैदान या ऊंचे स्थानों और तालाब आदि से दूर रहें।
- बिजली चमकने/आंधी आने पर पेड़ के नीचे से हट जायें।
- यदि समूह में हैं तो दूर-दूर रहें। खुली जगह में होने पर एड़ी के बैठ जाएं।

### क्या न करें-

- पेड़ के नीचे शरण न लें व पानी भरे खेतों में न जायें।
- छत पर न जायें। यदि आप खुले में हैं तो जमीन पर कदापि न लेटें।
- बिजली, टेलीफोन या मोबाइल टावर के नजदीक न जाएं और न ही उसका कोई सहारा लें।

### बाढ़ बचाव: क्या करें

- उबला हुआ या क्लोरीन युक्त पानी का उपयोग करें।
- बिजली का मुख्य स्विच व गैस रेगुलेटर को बंद रखें।

### क्या न करें-

- बाढ़ के संपर्क में आई खाद्य सामग्रियों का सेवन न करें।
- डूबे हैंडपंप के पानी का उपयोग न करें।

## एसडीएम और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर देखा शारदा का जलस्तर



**पूरनपुर, अमृत विचार :** एसडीएम और तहसीलदार ने जलस्तर बढ़ने पर नदी के तटबंधों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बनबसा बैराज से भी लगातार नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नदी का जलस्तर बढ़ गया। हाल ही में बाढ़ से बचाव के लिए चंदिया हजारा गांव के पास 1500 मीटर से आगे बनाया गया रिवर बैंक नदी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। रविवार दोपहर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार हबीब उर रहमान चंदिया हजारा गांव पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू और बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ शारदा नदी का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने तटबंधों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने लेखपाल और कानूनगो को गांव में रुकने के निर्देश दिए। तहसीलदार हबीब उर रहमान ने बताया कि बाढ़ तैयारियों के तहत क्षेत्र में बाढ़ बचाव के लिए रस्सी, लाइफ जैकेट, तिरपाल,जरीकेन आदि बाढ़ चौकियों पर तैनात लेखपालों को सुपुर्द किया गया।

### डूबने से बचाव के लिए सुरक्षा:

क्या करें -

- उफनाई नदी, नहर, नाले,तालाब आदि में न जाएं ।
- अभिभावक अपने बच्चों को पुलिया, ऊंचे टीलों से पानी में कूद कर स्नान करने से रोकें।
- बेहद जरूरी होने पर ही पानी में उतरें और गहराई का ध्यान रखें।

क्या न करें-

- नदियों, नहरों, जलाशयों के पास लिखी चेतावनी की अवहेलना न करें।
- छोटे बच्चों को घाटों, जल निकायों के समीप न जाने दें।
- तैरते या पानी में स्नान करते समय स्टंट न करें या सेल्फी आदि न लें, ऐसा करना जानलेवा हो सकता है।

### ऑरेंज जोन में पीलीभीत, एडवाइजरी जारी

जनपद में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जनपद को ऑरेंज जोन में दिखाया गया है। जिले में भारी बारिश के साथ वज्रपात भी हो सकता है। भारी बारिश और वज्रपात से ऊंची इमारतों, पेड़ों, मनुष्यों, जानवरों आदि पर बिजली गिरने की घटनाएं होती हैं, जिससे जान-माल का नुकसान होता है। इसको लेकर एडवाइजरी जारी की गई है।

## 19 जुलाई को होगी कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा

संवाददाता, पीलीभीत

- **जनपद में कुल 663 विद्यार्थियों ने किया है आवेदन**
- **ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज को बनाया गया है परीक्षा केंद्र**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल इंप्रूवमेंट, कंपार्टमेंट और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

परीक्षा के लिए जनपद में कुल 663 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा की सुचारू व्यवस्था के लिए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि हाईस्कूल की कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक होगी, जबकि इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक संचालित की जाएगी। हाईस्कूल परीक्षा के लिए 301 और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट के लिए 362 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है।

## बुक कीपर और ऑडिटर पद के लिए हुई लिखित परीक्षा



परीक्षा देती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमरिया, अमृत विचार:** संकुल स्तरीय समिति की जिम्मेदारी अब महिलाओं के हाथों में सौंपी जाएगी। समिति के लेन-देन का लेखा-जोखा देखने के लिए बुक कीपर और ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इसी क्रम में अमरिया विकासखंड के चार संकुल स्तरीय समितियों के अंतर्गत लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह की निगरानी में आयोजित की गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी राम प्रकाश और शिखा राजपूत भी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, बुक कीपर पद के लिए 23 परीक्षार्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 17 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं ऑडिटर पद के लिए 21 परीक्षार्थियों को बुलाया गया, जिनमें से 9 परीक्षार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हुए। चयनित महिलाओं को उनके संकुल समिति का नाम देकर नियुक्त किया जाएगा, ताकि वे वित्तीय जिम्मेदारियों को सुचारू रूप से संभाल सकें। खंड विकास अधिकारी ने दिनेश कुमार सिंह न बताया कि परिणामों के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

## सड़क हादसे में जीजा-साले घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** मूसेपुर कला निवासी जसवंत कुमार ने बताया कि वह अपने साले थाना क्षेत्र के गांव लखनऊ गौटिया निवासी अरविंद कुमार के साथ रविवार की शाम को गजरौला के गांव पिपरिया भजा निवासी रामकुमार को उनके घर दोनों लोग मोटरसाइकिल से छोड़ने गए थे।

उनको घर छोड़कर देर शाम वापस आते समय गजरौला के गांव सुहास के पास सामने से आ रही ईको चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिसमें जसवंत कुमार व उनके साले अरविंद कुमार घायल हो गए। दुर्घटना में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना होने के बाद ईको चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को एंबुलेंस से कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के उपरांत दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## लव जिहाद, धर्मांतरण और गौ हत्या को बढ़ावा दे रहा प्रशासन

संवाददाता, पूरनपुर




होटल में प्रेस वार्ता करते प्रदेश अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

- **भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता कर लगाए आरोप**

**अमृत विचार :** प्रेस वार्ता में भारतीय बजरंग दल ने मारपीट के मामले में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। कहा गया संगठन लव जिहाद, धर्मांतरण और गौ हत्या के विरुद्ध का कार्य कर रहा है। पुलिस प्रशासन इन मामलों को संरक्षण दे रहा है। इसके चलते हिंदू समाज की ओर से दी गई तहरीर पर कार्रवाई न कर विशेष समुदाय की तहरीर पर कार्रवाई कर संगठन के लोगों को जेल भेजा गया। दूसरे पक्ष पर कार्रवाई न होने पर संगठन न्यायालय का दरवाजा खट खटाएगा।

सोमवार को कस्बे के एक होटल में भारतीय बजरंग दल की प्रेस वार्ता हुई। इसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि बीते 9 जून को एक विशेष समुदाय के लोगों ने दलित समाज, बाबा साहब अंबेडकर, ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय संविधान को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। संगठन ने इसका विरोध किया। इस पर विशेष समुदाय के लोगों ने हिंदू समाज के युवकों की पिटाई लगाई। उन्हें जान से मारने का भी प्रयास किया गया। इस मामले की पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई। आरोप हैं कि विशेष समुदाय की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया, जबकि जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा दोनों घटनाओं में मौजूद नहीं थे। आरोप है भारतीय बजरंग दल धर्मांतरण, लव जिहाद और गौ हत्या के विरुद्ध आवाज उठा रहा है, लेकिन प्रशासन को यह रास नहीं आ रहा और वह संगठन के इस कदम से बौखलाया हुआ है।

## पीटीआर में 10-10 रात्रि प्रवास करेंगे उप प्रभागीय वनाधिकारी

**पीलीभीत,अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में मानसून सीजन के दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी अब संबंधित रेंजों में 10-10 रात्रि प्रवास करेंगे। डिप्टी डायरेक्टर ने उप प्रभागीय वनाधिकारियों को रात्रि प्रवास कर अवैध कटान एवं शिकार पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

मानसून सीजन शुरू हो चुका है। वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ अवैध घुसपैठ आदि की रोकथाम को लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा अभियान भी शुरू किया गया है।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लखनऊ जाकर किया रक्तदान

**पीलीभीत,अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में रक्तदान महाकुंभ का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम मौर्य, कुशवाहा, शाक्य और सैनी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें पीलीभीत के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सत्येंद्र कुमार मौर्या भी वहां पहुंचे और रक्तदान करते हुए अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई दी। इनके साथ गणेश मौर्य, देवेंद्र मौर्य, सौरभ मौर्य, हिमांशु मौर्य, सोनू मौर्य, ग्राम प्रधान लाला राम कुशवाहा, नीतीश कुशवाहा समेत कई कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान के इस पुनीत कार्य पर अखिलेश यादव ने समाज के सभी युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान है और यह कार्य मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।



लखनऊ में रक्तदान करते प्रदेश सचिव सत्येंद्र कुमार व साथ में मौजूद अखिलेश यादव।

## कांवड़ यात्रा से पहले मार्गों की कराएं मरम्मत

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की छठी बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सावन माह में कांवड़ यात्रा के सुरक्षित संचालन को लेकर विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में एनएचएआई अभियंता ने अवगत कराया कि बरेली-पीलीभीत-सितारगंज मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है और शाही बाईपास निर्माणाधीन है। इस पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रकाश व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई और सभी निर्माण एजेंसियों को मार्गों पर लाइटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पिछले माह में चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निराश्रित गोवंशों के सींगों पर रेडियम पेंट किया जाए और उन्हें रेडियम कॉलर पहनाया जाए। 11 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को देखते हुए सभी एजेंसियों को अपने-अपने क्षेत्र के मार्गों की मरम्मत तत्काल पूरी करने के निर्देश दिए गए। बीसलपुर-बरेली मार्ग की दोनों ओर पक्की पटरी का कार्य कराने को भी कहा गया। सभी मार्गों पर यातायात संकेतक, चेतावनी बोर्ड, गति सीमा और एंबुलेंस सेवा (नं. 1033) के बोर्ड लगाए जाएं। हिट एंड रन या सड़क हादसों में घायल लोगों के लिए चलाई जा रही कैशलेस इलाज योजना का प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश भी दिए गए।

बिना हेलमेट दोपहिया चालकों को पेट्रोल न देने के निर्देश के साथ उल्लंघन पर पेट्रोल पंप संचालकों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही हेलमेट न पहनने वालों के चालान में वृद्धि करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में यातायात नियमों का प्रचार और छात्रों से शपथपत्र भरवाकर उनके माता-पिता को जागरूक करने की बात कही गई। नगर पालिका परिषद पूरनपुर व नगर पंचायत नौगवां पकड़िया को टैक्सी स्टैंड का आवंटन कर सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीडीओ, एडीएम, सीएमओ, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम, एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



गांधी सभागार में सड़क सुरक्षा की बैठक करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- **सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, जिलाधिकारी ने दिए कई अहम निर्देश**

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
नि:शुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA BTE CODE 2143 B.Ed. BTC D.El.Ed. B.EL.ED
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No : 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education • Best Placement In the Region • High-Tech Academic Infrastructure • Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's | 2000+ Placement Offers | 550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

# मानसून की पहली बारिश से हर तरफ पानी-पानी

## छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में सड़कें हुईं लबालब, मिल ड्राइवर्जन और रेलवे मार्ग पर राहगीरों का निकलना हुआ मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


रानीनगर-संपूर्णानगर मार्ग पर जलभराव से सिंगाही खुर्द पुल पर आवागमन बंद।

**अमृत विचार:** जिले में मानसून की पहली बारिश से हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। वहीं, तेज धूप व उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। गोला में सड़कें लबालब हो गईं। मिल ड्राइवर्जन मार्ग और रेलवे स्टेशन रोड पर जलभराव के कारण निकलना मुश्किल हो गया। उधर, पहाड़ों पर बारिश के कारण पलिया में शारदा नदी का जलस्तर पहले से ही बढ़ गया है। इससे बाढ़ की आशंका है। गोला में बारिश ने रिकार्ड तोड़ दिया। सड़कें लबालब हो गईं। जिले भर में हुई मूसलाधार बरसात से किसानो के चेहरे भी खिल उठे।

पिछले कई दिनों से नगरवासियों से लेकर जिले वासी उमस भरी गर्मी से बेहाल थे। आए दिन आसमान में छाए रहने वाले बादलों के न बरसने से लोग मायूस होकर रह जाते, मगर रविवार शाम नगर में हुई झमाझम बरसात ने गर्मी से राहत पहुंचाई। बारिश का यह सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। दोपहर तक छाए बादलों ने तेज धूप से राहत दिलाई तो वही दोपहर बाद बरसे बदलों से लोगों ने उमस से राहत की सांस ली। हालांकि जिले के कुछ हिस्सों में सोमवार सुबह शुरू हुई बारिश शाम तक जारी रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मौसम में उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी रहेगा। चमक गरज के साथ आने वाले दिनों में बारिश की स्थित बन सकती है। यह बारिश खेती किसानी के दृष्टिकोण से फायदेमंद है। बारिश होने के बाद से किसानों ने खेतों में धान की रोपाई तेज कर दी है। बरसात होने से सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**सिंगाही।** कस्बे में मामूली बरसात में ही मुख्य बाजार के महारानी सूरथ कुमारी रोड पर जलभराव हो गया। सड़क पर पानी भर जाने से दुकानदारों से लेकर राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इससे नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था की भी पोल खुल गई कस्बे में जगह-जगह जल भराव हो वह नालियों में भीषण गंदगी बनी हुई है, जिससे कस्बे की नालियां बज बजा रही और नालियों का कचरा सड़क पर बरसात के पानी के साथ बह रहा है।

**संपूर्णानगर।** रविवार आधी रात से क्षेत्र में जमकर बारिश होने से गर्मी से राहत मिल गई। सोमवार शाम तक जारी रही घण्टे बरसात से क्षेत्र के सूखे पड़े खेत खलिहान, ताल सब जलमग्न हो गए। सिंगाही खुर्द से निकलने वाले सुतिया नाले पर बना रपटापुल भी पानी में डूब गया, जिससे रानीनगर, मिलनबजार, मिर्चिया, माननगर, हँसनगर एवं टपरा के निवासियों का आवागमन इस मार्ग से बन्द हो गया। ग्रामीणों को मुरारखेड़ा बाईपास होकर करीब तीन किमी का अधिक चक्कर काटकर संपूर्णानगर का सफर तय करना पड़ेगा। निचले खेतों में रोपाई करने की तैयारी लगे किसानों की रोपाई खेतों में अत्यधिक जलभराव के चलते प्रभावित होगी। पीलीभीत के हजारा में बह रही शारदा जमकर बारिश होने एवं बनबसा से पानी रिलीज होने से पूरे उफान पर है। बाढ़ की आशंका से लोग भयभीत हैं।

### पलिया के कई मोहल्लों में जल भराव, लोग हुए परेशान



**पलिया कलां।** मौसम की पहली बरसात ने पलिया नगर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। पानी के निकास की समुचित व्यवस्था न होने से सड़कों व गलियों में जलभराव हो गया। इतना ही नहीं कई मोहल्लों के अनेक घरों में भी पानी भर गया और लोग परेशान हुए। मोहल्ला रंगरेजान, इकराम नगर, माहीगिरान, वरबंडा व पठान की कई सड़कों और गलियों सहित उनके अनेक घरों में भी उफनाई नालियों का गंदा पानी पहुंचकर घंटों भरा रहा। नगर की सफाई व्यवस्था संभालने वाले कई सफाई कर्मियों के घर भी इससे अछूते नहीं रहे। प्राथमिक पाठशाला से लेकर सीओ ऑफिस जाने वाले मार्ग पर पानी का सही निकास न होने के कारण सारे दिन करीब दो फिट वर्षा का पानी भरा रहा। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के निकट सड़क पर एवं मोहल्ला रंगरेजान से गुरुकुल एकेडमी स्कूल जाने वाले मार्ग पर अभी भी वर्षा का पानी भरा हुआ है। कई दुपहिया वाहन चालकों को इस सड़क पर कुछ दूर जाकर वापस लौटते देखा गया। खस्ता मालगोदाम रोड पर लोगों का निकलना कठिन हुआ। नगरवासियों का कहना है कि शहर में पानी के निकास की समुचित व्यवस्था न होने से हर साल परेशानी होती है।

### स्कूल, पुलिस चौकी व कब्रिस्तान भी जलमग्न



**कुकरा।** ग्राम पंचायत कुकरा में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण हल्की सी बारिश होने से संवलियन विद्यालय व पुलिस चौकी और कब्रिस्तान भी जलमग्न हो गया। ग्राम पंचायत सदस्य सलमान अंसारी, मासूम अली अंसारी, पप्पू अंसारी, बिद्दन खान, सरफराज, परवेज, इजलास आदि ने प्रधान प्रतिनिधि फुरकानुद्दीन (सिम्मी) से समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

### गोला: खुली सफाई अभियान की पोल



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मानसून की पहली बारिश में नाली नाला सफाई की पोल खुल गई है, जिसका खामियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ा। पानी का निकास न होने से कई मोहल्ले में जल भराव की समस्या हो गई। साथ ही सड़कों, गलियों, तीर्थ सरोवर में पानी भर गया। लोगों को कीचड़ युक्त पानी में निकलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर पालिका द्वारा नगर के नाला नालियों की सफाई चल रही थी, ऐसे में सोमवार सुबह से हुई तेज बारिश से लक्ष्मीनगर कॉलोनी, अर्जुन नगर कॉलोनी, नानक चौकी के सामने, टाउन पावर हाउस, सिनेमा रोड, हमीद मार्केट, मेला मैदान, डामर रोड पर जल जमाव हो जाने से पानी भर गया। नगर के कई मोहल्लों सहित सड़कों, गलियों में नाली नालों का पानी भर गया, केडिया फॉर्म के पास गलियों में जलकुंभी जमा हो जाने से लोगों का निकास अवरुद्ध हो गया। मोहल्ले वासी घरों से नहीं निकल पाए। कुछ जगहों पर नाले साफ कराए गए वहां सिल्ट नहीं हटाई गई, जिससे सिल्ट पानी के साथ सड़कों और घरों तक पहुंच गई। सिनेमा रोड, मेला मैदान और डामर रोड पर घंटों तक पानी भरा रहा। शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्य के चलते नाला नालियों का कार्य पूरा न हो पाने से मोहल्ले और गलियों का गंदा पानी सिल्ट के साथ गोकर्ण तीर्थ में भर गया। जर्जर स्टेशन रोड मार्ग पर दो पहिया व तीन पहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों का निकलना दुश्वार हो गया। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें जल भर जाने से लोगों को काफी परेशानियां हुई। बाइक सवार गिरते गिरते बचे।

### टाउन पॉवर हाउस में भरा पानी, बिजली गुल

**गोला गोकर्णनाथ।** सोमवार सुबह से हुई तेज बरसात के चलते गोला टाउन पावर हाउस के कंट्रोल रूम में पानी भर जाने से नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। सोमवार सुबह 8 बजे से लाइट कट गई और शाम 5 बजे तक बहाल हो पाई। लगभग पूरे दिन बिजली न आने से लोगों के इनवर्टर जवाब दे गए। घरों में लोग नहाने, पीने के पानी को भी तरस गए। सुबह के समय बिजली चले जाने से कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा परेशानियां हुई। 8-9 घंटे बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से दुकानदारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बाबत एसडीओ एन मनोस ने बताया कि कंट्रोल रूम में पानी भर जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। कर्मचारी साफ, सफाई, विद्युत आपूर्ति ठीक करने में लगे हुए हैं। शाम पांच बजे तक आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# महिलाओं के जेवर लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता, बेहजम


पुलिस की हिरासत में गिरफ्तार बदमाश।

- गोला और नीमगांव की घटना समेत अन्य जगहों से चोरी हुए जेवर भी बरामद

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव पुलिस ने मॉर्निंग वॉक करने के दौरान महिलाओं को निशाना बनाकर उनके जेवर लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव धंवरपुर और गोला में मॉर्निंग वॉक करते समय महिला के लूटे गए जेवर बरामद किए हैं। इसके अलावा अन्य जगहों से भी चोरी हुए कुछ सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद होने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपियों का पुलिस ने चालान भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार धीमान ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव धंवरपुर निवासी लल्ली देवी 19 जून की सुबह घर से मॉर्निंग वॉक करने निकली थीं। बेहजम में ही ओयल रोड पर लुटेरे महिला के दोनों कानों के झाला लूट ले गए थे। सीसीटीवी फुटेज आदि की मदद से स्थानीय पुलिस ने क्राइम ब्रांच की स्वॉट टीम की मदद से शोएब खान और नावेद खान निवासी खपरैला बाजार कोतवाली सदर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लल्ली देवी के लूटे गए सोने झाले भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।

## बाइक पेड़ से टकराई चालक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र के गांव साडा निवासी एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना भीरा क्षेत्र के गांव साडा निवासी जसपाल सिंह (48) रविवार की शाम किसी काम से भीरा के गांव अतरिया बाइक से जा रहे थे। बताते हैं कि शाम करीब पांच बजे अतरिया पहुचने से पहले ही तेज बारिश के चलते जसपाल की बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई।

हादसे में जसपाल की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सहकारी समिति के एमडी ने कर्मचारी को पीटा, अंगुलियां तोड़ी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** फूलबेहड़ क्षेत्र में कर्ज की वसूली न होने से नाराज किसान सेवा सहकारी समिति मौजमाबाद के एमडी परमानंद तिवारी ने जिला सहकारी बैंक शाखा के एक संविदा कर्मचारी की पिटाई कर दी। इससे उसके दोनों हाथों की अंगुलियां टूट गईं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित शिवाशीष शर्मा ने बताया कि एमडी परमानंद बैंककर्मियों से कर्ज वसूली न होने के कारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर डंडे उसकी पिटाई शुरू कर दी, जिससे उसके दोनों हाथों की अंगुलियां टूट गईं।

## दक्षता वर्ग में शिक्षकों को शिक्षण कार्य की दी नवीनतम जानकारी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को दक्षता वर्ग कार्यक्रम हुआ, जो चार चरणों में संपन्न हुआ।

इसका शुभारम्भ प्रधानाचार्य शिप्रा वाजपेयी ने किया। पहले चरण में सरस्वती वंदना के श्लोकों का सही उच्चारण एवं लय का अभ्यास कराकर श्लोकों के अर्थ की व्याख्या की गई। जबकि दुसरे सत्र में पंचपदी शिक्षण पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी देकर आदर्श शिक्षण की प्रतिदर्श कक्षाओं का आयोजन किया गया। शिवि गुप्ता एवं हर्षिता बरनवाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 व पंचपदी शिक्षण आधारित पाठ्य योजना के अनुरूप आदर्श कक्ष शिक्षण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि तीसरे सत्र में राष्ट्र सेविका समिति की शाखा लगाई गई। इसमें नमिता ने नीति वाक्य व अमिता ने बोध कथा सुनाई। इसके अलावा शिक्षकों के बीच खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। इनके विजेताओं को सम्मानित किया गया। चौथे और अंतिम चरण में छात्राओं को विभिन्न प्रकार की शैक्षिक सामग्री द्वारा सिखाने के उद्देश्य से शिक्षिकाओं को एलटीएम सिखाने एवं बनवाने का कार्य शिक्षिका राखी मिश्रा एवं नम्रता दीक्षित ने कराया।

# 45 दिन बाद आज से खुलेंगे स्कूल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण आज से



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में पहली जुलाई यानी कल से जिले भर में स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण शुरू होगा। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। इसका पहला चरण पहली अप्रैल से 15 अप्रैल तक चला था। जिसमें तमाम बच्चों के प्रवेश कराए गए थे। अब दूसरे चरण में कितने प्रवेश कराए जाएंगे। यह तो अभियान पूरा होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इसके अलावा जो विद्यालय दूसरे स्कूलों में मर्ज किए गए हैं, उनके बच्चों एवं शिक्षकों को नए स्कूलों में उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

गर्मियों की 45 दिन की छुट्टियों के बाद एक जुलाई से परिषदीय और माध्यमिक स्कूल खुल जाएंगे। बेसिक स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए बीएसए ने आदेश जारी कर दिया है। बीएसए ने स्कूल चलो अभियान की निगरानी के लिए एबीएसए से लेकर एआरपी को जिम्मेदारी सौंपी है।

बीएसए ने बताया कि एक जुलाई से 15 जुलाई तक दूसरे चरण का स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत शिक्षक गांवों में रैलियां निकालकर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेंगे। जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है। उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही ऐसे बच्चे, जिन्होंने 1 अप्रैल से विद्यालय खुलने के बाद प्रवेश लिया था और अब 1 जुलाई से स्कूल खुलने के बाद विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं, उनके अभिभावकों के साथ शिक्षक संवाद कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक करेंगे।

### जिले में स्कूल

| | |
|---|---|
| बेसिक स्कूल | 3106 |
| पंजीकृत छात्र | करीब पांच लाख |
| मा. विद्यालय | करीब 300 |
| पंजीकृत छात्र | ढाई लाख |

- स्कूल खुलने का समय 07 :45 से 12 :30 तक

“स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण पहली जुलाई से शुरू होगा। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। अभियान के दौरान ज्यादा से ज्यादा बच्चों का प्रवेश कराने का प्रयास किया जाएगा है।
**-प्रवीण कुमार तिवारी**, बीएसए

डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं


डॉ. जी.एस. पुण्डीर
(एम.डी.)
कैंसर लाइलाज नहीं है।
असाध्य रोगों से निराश न हों, सही इलाज सम्भव, उम्र भर दवा खाने से बचें, एडवांस होलिस्टिक होम्योपैथिक चिकित्सा ऑफ क्रोनिक एण्ड फ्रिटिकल, नॉन सर्जीकल के पूर्ण रूप से सफल है। थायराइड, ब्लडप्रेशर, जिगर, कैंसर, लीवर, न्यूरो, ब्रेन, न्यूरो स्पाइन, प्रोस्टेट, यूटरस, गुर्दा, हृदय रोग, नाक, कान, गला रोग, स्त्री रोग, बच्चों के रोग एवं हारमोनल रोग।
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.)
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
Mob. 9359114707

HAPPY DOCTOR'S DAY



घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी की सफलता दर 98 फीसदी
घुटने की प्रत्यारोपण सर्जरी में रोगग्रस्त जोड़ को कृत्रिम जोड़ से बदल दिया जाता है, जिससे मरीज अपने कृत्रिम जोड़ की मदद से शारीरिक गतिविधियां और अपने कार्य कर सकता है। घुटने के प्रत्यारोपण सर्जरी से घुटने के दर्द में राहत मिलती है। सर्जरी की सफलता की दर लगभग 98 प्रतिशत से अधिक है। सर्जरी से ड्राइविग बहुत आसान हो जाती है।
घुटने संबंधी रोगों के परामर्श हेतु मिलें-
वेंकटेश्वर हास्पिटल
गुप्ता बारात घर कॉम्पलैक्स, बीसलपुर रोड, हरुनगला, बरेली, कॉल- 6399341012

डा. अजय कुमार श्रीवास्तव
MBBS, MS
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ









# अमरिया में बाघिन ने बाइक सवार पर मारा झपट्टा, घायल

## शोर-शराबे पर भागी, मझोला-सितारगंज हाईवे पर सोमवार सुबह हुई घटना, उत्तराखंड सीमा के 100 मीटर दायरे में घूम रही बाघिन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** जनपद के अमरिया क्षेत्र में डेरा जमाए बाघिन की दहशत बढ़ती जा रही है। सोमवार सुबह बाघिन ने मझोला-सितारगंज हाईवे से गुजर रहे एक बाइक सवार पर छलांग लगा दी, जिससे बाइक सवार मामूली रूप से जख्मी हो गया।

बाघिन देख हाईवे से गुजर रहे लोगों ने शोर-शराबा मचाया तो बाघिन वहां से भाग निकली। कुछ मिनट बाद ही बाघिन ने खेत में घूम रहे एक गोवंश पर हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया। सूचना मिलने के बाद पीलीभीत एवं उत्तराखंड की खटीमा रेंज के वनकर्मी मौके पर पहुंचे। फिलहाल दोनों ओर से बाघिन की निगरानी की जा रही है।

अमरिया क्षेत्र में डेरा जमाए बाघिन पिछले करीब पांच दिन से यूपी-उत्तराखंड बार्डर के 100 मीटर दायरे के इर्द गिर्द घूम रही है। बताते हैं कि बाघिन रात में उत्तराखंड सीमा से अमरिया क्षेत्र में आती है तो यहां कुछ समय रहने के बाद पुनः उत्तराखंड की सीमा में चली जाती है। पिछले तीन दिनों से बाघिन अमरिया क्षेत्र की रानी कॉलोनी के आसपास देखी जा रही थी। ग्रामीणों के मुताबिक बाघिन के साथ दो शावक भी हैं। तीन दिन पूर्व बाघिन ने रानी कॉलोनी के पास ही एक गन्ने के खेत में छुट्टा पशु को निवाला बना डाला था।

अगले दिन ही बाघिन इसी क्षेत्र में नाले के पास देखी गई थी। उस दौरान भी मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। सूचना पर सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम और मझोला पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। बीते रविवार को सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम द्वारा बाघिन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रानी कॉलोनी के समीप 03 ट्रेप कैमरे भी लगाए गए थे। हालांकि दोपहर में बाघिन उत्तराखंड की ओर चली गई थी। यूपी-उत्तराखंड सीमा पर बाघिन की लगातार चहलकदमी के चलते सामाजिक वानिकी प्रभाग पीलीभीत और उत्तराखंड की खटीमा रेंज के वनकर्मियों द्वारा बाघिन की निगरानी की जा रही है।

इधर, सोमवार सुबह बाघिन ने एक बाइक सवार पर छलांग लगाकर दहशत फैला दी। दरअसल, अमरिया क्षेत्र के भरा पचपेड़ा निवासी विकासशील समाचार पत्र के अभिकर्ता है। सोमवार सुबह करीब 7.50 बजे विकासशील बाइक से मझोला-सितारगंज हाईवे से जा रहे थे। इसी बीच देवहा पुल के पास झाड़ियों ने बैठी बाघिन ने उन पर छलांग दी। जिससे वे बाइक समेत नीचे गिर पड़े।

हाईवे से ही गुजर रहे अन्य लोगों ने जब बाघिन को देखा तो शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। इस पर बाघिन हाईवे के दूसरी तरफ चली गई। कुछ ही मिनट बीत पाए थे कि बाघिन ने उत्तराखंड सीमा से सटे मेहरबान नगर के खेत में घूम रहे एक गोवंश पर हमला कर दिया। हमले में गोवंश बुरी तरह घायल हो गया।

सूचना मिलते ही सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। इसके कुछ देर बाद ही उत्तराखंड की खटीमा रेंज के वन दरोगा भैरव सिंह बिष्ट, कैलाश बिष्ट, जयवीर आदि भी मौके पर पहुंच गए। बारिश के चलते टीमों को बाघिन के पगमार्क नहीं मिल सके। दोनों ओर से टीमें बाघिन की निगरानी कर रही हैं।


देवहा पुल के समीप हुई घटना के बाद मौके पर जमा लोग। ● अमृत विचार


निगरानी में जुटी उत्तराखंड के खटीमा रेंज की टीम। ● अमृत विचार

### तीन दिन से देखी जा रही थी बाघिन

इस संबंध में सामाजिक वानिकी प्रभाग की वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि यह वही बाघिन है, जो रानी कॉलोनी की सीमा पर तीन दिन से देखी जा रही थी। रविवार की रात बाघिन लगभग छह किलोमीटर की दूरी तय कर सुबह यूपी-उत्तराखंड की सीमा देवहा पुल के पास देखी गई। उत्तराखंड की सीमा में एक पशु पर भी हमला करने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों को सतर्क करते हुए बाघिन की लगातार निगरानी की जा रही है।

# एसडीएम की गाड़ी कब्रिस्तान की दीवार से टकराई, क्षतिग्रस्त

संवाददाता, पीलीभीत

● जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग हुए एकत्रित, कोतवाली पुलिस ने शांत कराया मामला

**अमृत विचार :** एसडीएम की गाड़ी अनियंत्रित होकर कब्रिस्तान से टकरा गई, जिससे कब्रिस्तान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। बात बिगड़ती, इससे पूर्व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस चालक को अपने साथ कोतवाली ले आई। चालक के चोट होने पर उसका जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। चालक शराब के नशे में बताया जा रहा है।

सोमवार दोपहर 12 बजे एसडीएम सदर की गाड़ी नकटादाना चौराहे से तहसील की ओर आ रही थी। जैसे ही गाड़ी सदर कोतवाली क्षेत्र के वाले मियां मजार के समीप पहुंची। तभी गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर कब्रिस्तान की दीवार से टकरा गई, जिससे कब्रिस्तान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। कब्रिस्तान की दीवार क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। खकरा चौकी प्रभारी एसआई सौरभ कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक को जिला अस्पताल भिजवाया। लोगों ने कब्रिस्तान की दीवार ठीक करने की मांग की है।

### चिरागा गांव में घायल बकरी को उठा ले गया बाघ

**पूरनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के चिरागा गांव में बाघ का आतंक लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिला। शनिवार रात पशुशाला में बंधी एक बकरी पर हमला कर उसे घायल करने वाला बाघ रविवार रात फिर लौटा और घायल बकरी को उठा ले गया। सोमवार सुबह बकरी के अवशेष गन्ने के खेत में मिले। घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, जबकि वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार, चिरागा गांव निवासी दर्शन सिंह की बकरी शनिवार रात पशुशाला में बंधी थी। इसी दौरान खुटार वन क्षेत्र से भटककर आए बाघ ने अचानक हमला कर दिया। बकरी की चीख-पुकार सुनकर मालिक दर्शन सिंह मौके पर पहुंचे और शोर मचाया, जिससे बाघ मौके से भाग गया। हमले में बकरी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। रात में ही वन विभाग को सूचना दी गई, जिस पर टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# झमाझम बारिश... हाईवे से लेकर शहर की सड़कों पर हुआ जलभराव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** रविवार रात से सोमवार सुबह तक हुई तेज बारिश ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बिगाड़ दिए। करीब 35 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे हाईवे से लेकर गली-मोहल्लों तक जलभराव के चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के चलते कई जगह पुराने और कमजोर पेड़ जड़ से उखड़ गए, जिससे बिजली की लाइनें टूट गईं और कई मोहल्लों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। तो वहीं तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आगे बारिश के आसार बन रहे हैं।

बता दें कि जनपद में जून की शुरुआत से ही मौसम में गर्माहट बढ़ रही थी। एक सप्ताह पूर्व से तापमान में तेजी से उछाल दर्ज किया गया। लोग भीषण गर्मी के चलते बेहाल हो रहे थे। 15 जून से मानसून की शुरुआत के बाद मौसम में बदलाव की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बीच में एक दो बार बारिश हुई। फिर मौसम गर्म होने लगा था, लेकिन रविवार रात से मौसम में तब्दीली देखने को मिली। देर रात तेज हवा के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। सोमवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो झमाझम बारिश देखने को मिली। बारिश दोपहर डेढ़ बजे तक जारी रहा।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार कुल 35 एमएम बारिश हुई, जिससे मौसम सुहाना हो उठा। लेकिन निचले इलाकों में जल निकासी की बेहतर व्यवस्था न होने से शहर में जगह- जगह जलभराव ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ाईं। शहर के मोहल्ला डालचंद, मोहम्मद फारुख, बेनी चौधरी, सुनगढ़ी, चावला चौराहा वाली गली, पंजाबियान, अग्रवाल सभा के पास जलभराव हो गया। लोगों को घरों से निकलने में परेशानी उठानी पड़ी।

गली मोहल्ले ही नहीं, टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा, राजाबाग के पास और एल एच शुगर फैक्ट्री के पास चल रहे निर्माण कार्य की वजह से फुटपाथ पर जलभराव हो गया तो वहीं रोडवेज के पास चल रहे निर्माण कार्य के कारण कीचड़ फैल गई। माधोटांडा मार्ग पर बनाई जा रही पुलिया की वजह से भी लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी।

आठ घंटे लगातार बारिश होने की वजह से बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। इसके अलावा बारिश की वजह से चावला चौराहा के पास स्थित एक मंदिर का पेड़ गिर गया, जिससे यातायात बाधित होने के साथ बिजली की लाइन भी टूट गई। वहीं गौहनिया चौराहा, नकटादाना चौराहा, गोदावरी स्टेट कॉलोनी समेत कई इलाकों में पेड़ की टहनियां टूटने से बिजली की लाइनें टूट गई, जिस कारण बिजली की आपूर्ति भी कई घंटे तक बाधित रही।


माधोटांडा मार्ग पर बनाई जा रही पुलिया के बाद फैली कीचड़ व यातायात हो रहा प्रभावित।


गौहनिया चौराहा पर पेट्रोल के पास हुआ सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार


चावला चौराहा के पास सड़क पर गिरा पेड़ व टूटी पड़ी बिजली की लाइन।

### किसानों के खिले चेहरे

जिले में मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। इस बारिश से गन्ने की फसल को काफी फायदा पहुंचा है। धान की रोपाई में जुटे किसानों को भी राहत मिली है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका ने बताया कि लगातार हुई बारिश से तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 29 .6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25 .1 डिग्री दर्ज किया गया है। कुल 35 एमएम बारिश हुई। आगे भी बारिश के आसार हैं।

# बाइक सवार से नकदी चेन लूट ले गए बदमाश

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जिले में एक बार फिर नहर मार्ग पर सक्रिय बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बाइक से घर लौट रहे युवक को तीन अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में रोक लिया और मोबाइल फोन, सोने की चेन, नकदी और जरूरी कागजात वाला बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव चका निवासी वेदपाल 28 जून की रात करीब 9:30 बजे मझोला से ड्यूनीडैम होकर नहर मार्ग से अमरिया की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह गांव नूरपुर साइफन के पास पहुंचे, तभी आगे चल रही एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनकी मोटरसाइकिल को रोक लिया। वेदपाल के अनुसार, बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और जबरन मोबाइल, एक सोने की चेन और 700 रुपये नकद लूट लिए। उनका जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग भी छीन कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना जहानाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार ने बताया कि अज्ञात बदमाशों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है।

# शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर हुई पैनल चर्चा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● अराइन एकेडमी के कार्यक्रम में प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार:** एकेडमी ऑफ अराइन स्टडीज एंड रिसर्च की ओर से आयोजित हुए कार्यक्रम में शिक्षा विशेषज्ञों के शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को भी सम्मानित किया। इस दौरान संस्था द्वारा पीलीभीत में एक रिसर्च एंड लर्निंग सेंटर खोलने का निर्णय लिया गया।

शहर के एक बारात घर में सोमवार को हुए कार्यक्रम में दिल्ली से आये पूर्व सीनियर पासपोर्ट अधिकारी और अराइन एकेडमी के अध्यक्ष नसीम अहमद ने कहा कि शिक्षा के बिना इंसान का जीवन अधूरा है। शिक्षित मनुष्य ही सुंदर समाज की रचना करते हैं। इसलिए हम सभी को शिक्षा के माध्यम से ही विकास की ओर बढ़ना चाहिए।

जामिया यूनिवर्सिटी के सीनियर प्रोफेसर और प्रॉक्टर मोहम्मद असद ने खुद का उदाहरण प्रस्तुत करते शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे पीलीभीत के अमरिया ब्लॉक के एक छोटे से गांव सुकटिया से ताल्लुक रखने वाला इंसान शिक्षा की वजह से ही आज जामिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के साथ प्रॉक्टर भी है। इस दौरान एकेडमी की ओर से हाल ही में मेडिकल, एएमयू एंट्रेंस, जामिया एंट्रेंस, जेईई के अलावा कक्षा 10 और 12 में बेहतर मार्क्स हासिल करने वाले मेधावियों को भी सम्मानित किया। इसके अलावा एकेडमी द्वारा दी जाने वाली शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन आदि विषयों पर विभिन्न समूहों में पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। जिसमें समुदाय से जुड़े बुद्धजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे।


कार्यक्रम में विचार रखते अराइन एकेडमी के अध्यक्ष नसीम अहमद।

# पहले दिन स्कूल में बच्चे खाएंगे हलवा और खीर

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** अवकाश के बाद 16 जून को स्कूल खुल गए थे। इस दौरान स्कूल स्टाफ और शिक्षकों को स्कूल जाना अनिवार्य था।

स्कूल जा रहे शिक्षकों को परिसर की साफ सफाई, पानी, शौचालय और अन्य जरूरी संसाधनों को दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए गए थे। स्कूल आने वाले बच्चों का टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। स्कूल को गुब्बारे आदि से सजाया गया है। बच्चों को विद्यालय में एक जुलाई को हलवा और खीर परोसी जाएगी।

# ब्रह्मचारी घाट पर कटान रोकने के इंतजाम अधूरे

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पर्यटन विभाग द्वारा ब्रह्मचारी घाट पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य के रुकने और कटान से बचाव के इंतजाम न होने पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि बारिश तेज होने के बाद देवहा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में ब्रह्मचारी घाट क्षेत्र में कटान का खतरा बना हुआ है।नगर पालिका अध्यक्ष ने हाल ही में ब्रह्मचारी घाट पहुंचकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली थी। उन्होंने पर्यटन विभाग की परियोजना टीम में शामिल प्रोजेक्ट मैनेजर लज्जाराम से कहा था कि यदि बारिश के चलते नदी का जलस्तर बढ़ा और कटान हुआ, जिससे मंदिर क्षेत्र या घाट को नुकसान पहुंचा, तो इसके लिए प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार जिम्मेदार होंगे।

डॉ. आस्था ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले इस कार्य की शुरुआत की गई थी, लेकिन ठेकेदार समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर सका। अब बारिश और जमीन दलदली होने का हवाला देकर कार्य रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य फिलहाल नहीं किया जा सकता। तो कम से कम रेत के कट्टे डालकर कटान से बचाव किया जाना चाहिए। फिलहाल घाट क्षेत्र में सीमेंट के कट्टों में रेत भरवाई जा रही है, लेकिन जानकारों का कहना है कि जब तक इन कट्टों को लोहे के जाल से रोका नहीं जाएगा, तब तक कटान को प्रभावी ढंग से नहीं रोका जा सकता। डॉ. आस्था ने कहा कि यदि घाट क्षेत्र को कोई नुकसान हुआ तो इसकी पूरी जिम्मेदारी परियोजना से जुड़े अधिकारियों की होगी।


अधूरा पड़ा ब्रह्मचारी घाट पर बाढ़ बचाव का कार्य।

## वर्ग पहेली-18

**बाएं से दाएं**

1.1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।

3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।

5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।

6.1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।

8.1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**


1.1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।

2.1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।

4. बादशाह, सम्राट।

5.1. वहन करना, ले जाना 2. हवा

7.1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।



### वर्ग पहेली -17 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | ■ | ■ | 2 प |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 3 फ | फो | ला |
| ■ | ■ | 4 ढों | ■ | ड़ | ■ | ■ |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | ■ | 7 आ |
| ■ | टा | ■ | ■ | ना | ■ | द |
| ■ | य | ■ | ■ | ■ | ■ | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी-10 .20 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज करियर को लेकर किसी से अधिक सलाह लेना उचित नहीं है। लवमेट के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। अपने क्रोध को नियन्त्रित करके शांति से काम लें।

**वृष:** आज परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। कोर्ट केस में विजय मिल सकती है। पहले की गई मेहनत आज सुखद परिणाम दे सकती है। छात्र पढ़ाई-लिखाई को लेकर चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन:** आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर गम्भीर विषयों पर चिन्तन करेंगे। सरकारी कार्यों से धन लाभ मिलेगा।

**कर्क:** आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है। जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है।

**सिंह:** आज आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। बाहरी लोगों के ऊपर अपना समय बर्बाद न करें। बड़े अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धार्मिक आयोजन में जानें का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या:** आज आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें।

**तुला:** आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में भावुकता में आकर निर्णय नहीं लें। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पायेंगे। शाम के समय बाहर डिनर के लिए जा सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकी बढ़ेगी। बच्चों के साथ समय बितायेंगे। जॉब को लेकर इन्टरव्यू दे रहे हैं तो सफलता अवश्य मिलेगी।


**धनु:** आज आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय पनप सकता है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें।

**मकर:** आज ऑफिस में आपके कार्यों की लोग आलोचना कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी सरकारी मामले में विजय होने की सम्भावना है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगायेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट रहेंगे। किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनायेंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे वे आपको प्राप्त हो सकते हैं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 08 .54 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## सुडोकू -25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | 6 | 4 | | 9 | |
| | 8 | | 5 | | | 6 | | 2 |
| 6 | | 5 | 2 | 8 | | | | |
| | | 9 | | | 2 | | 8 | 3 |
| | 5 | | 3 | 4 | | 9 | | |
| 3 | | 1 | | 9 | | | 5 | 4 |
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | | 8 |
| | 3 | | 8 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 24 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |

